शुक्रवार

02 जून, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




दुःखद... संघर्ष के बाद जिंदगी की जंग हार गया यूपीएससी का अभ्यर्थी राहुल

3


प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


# तीर्थयात्रियों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए सरकार प्रयासरत: नीतीश

- सीएम नीतीश कुमार ने पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक की, दिए कई निर्देश
- बोले- पर्यटकों को हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में ठीक ढंग से जानकारी देने की व्यवस्था रखें

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक की। इसमें मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने सभी धर्मस्थलों को विकसित किया है। हमलोगों का उद्देश्य रहता है कि वहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो, इसके लिए सरकार प्रयासरत है। गयाजी में देश के कई हिस्सों एवं विदेशों से लाखों की संख्या में तीर्थ यात्री आते हैं। गया का अपना विशेष महत्व है। हमलोगों ने गयाजी डैम का निर्माण कराया है ताकि श्रद्धालुओं को सहूलियत हो हर वर्ष पितृपक्ष मेले का आयोजन बेहतर ढंग से किया जाता है, जिसमें सारी सुविधाओं का ख्याल रखा जाता है। बिहार में आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिये हमलोग शुरू से काम कर रहे हैं। पर्यटन विभाग ने जो योजना बनायी है, वह बेहतर है। बिहार में पर्यटन को और बढ़ावा देने के लिये योजनाबद्ध ढंग से काम करते रहें। बिहार ऐतिहासिक और पौराणिक स्थल है। पर्यटकों को सभी चीजों की जानकारी मिलेगी तो यहां की विरासत को ठीक ढंग से समझेंगे और जानेंगे। पर्यटकों को हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में ठीक ढंग से जानकारी देने की व्यवस्था रखें। बैठक में उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के परामर्शी अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा बैठक में बोले सीएम... सड़कों के निर्माण के साथ-साथ मेंटेनेंस को लेकर स्थलीय निरीक्षण करें

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा बैठक की। इसमें मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर सड़क होने से लोगों का आवागमन आसान होता है। ग्रामीण पथों का बेहतर रखरखाव विभाग द्वारा ही करायें। इसके लिए आवश्यकतानुसार जितने अभियंताओं और कर्मियों की जरूरत हो उनकी जल्द बहाली करायें। विभाग द्वारा जो पायलट प्रोजेक्ट के रूप में दो जिलों में कार्य करने की पूरी स्थिति दिखायी गयी है, उसे पूरे राज्य में क्रियान्वित करें। विभाग के लोग पथों के निर्माण और मेंटेनेंस के लिए सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे तो बेहतर सड़कों का निर्माण होगा और सड़कें मेंटेन भी रहेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संसाधनों की जो भी आवश्यकता होगी उसे पूरा किया जायेगा। निर्माण कार्य में लगा विंग बेहतर कार्य योजना के साथ काम करेगा तो कार्यों की गुणवत्ता और बेहतर होगी। निर्माण के साथ-साथ मेंटेनेंस को लेकर पथों का स्थलीय निरीक्षण करते रहें। पुल-पुलियों का मेंटेनेंस भी बेहतर ढंग से हो। मेंटेनेंस विंग पथों का प्रभावी ढंग से निरीक्षण कर बेहतर मेंटेनेंस करेगा तो उसकी प्रशंसा सब जगह होगी। ग्रामीण कार्य विभाग बचे हुये टोलों के लिये भी पथों का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करायें ताकि उनकी सम्पर्कता सुलभ हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हमलोगों ने बेहतर सड़क और पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया है। हमलोगों का उद्देश्य सिर्फ बेहतर सड़क और पुल-पुलियों का निर्माण कराना ही नहीं है बल्कि उसका अच्छे से मेंटेनेंस भी उतना ही जरूरी है। सड़कों की मरम्मति के साथ-साथ साफ-सफाई भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा मेंटेनेंस करवाने से खर्च में भी बचत होगी और लोगों को नौकरी और रोजगार के अवसर मिलेंगे। बैठक में उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार व अन्य मौजूद थे।

# 2.30 लाख नई नौकरियों की जल्द होगी घोषणा : तेजस्वी

- तेजस्वी यादव ने बिहार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के 245 सहायकों को बांटे नियुक्ति पत्र
- बोले- सभी विभागों में रिक्तियां भरने के लिए मांगा गया है डेटा



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा है कि वे 10 लाख नौकरी देने के वादे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बिहार में तेजी से इस दिशा में काम हो रहा है। शिक्षकों के 1.7 लाख पदों पर बहाली शुरू हो गई है और अब 2.30 लाख अन्य नौकरियां मिलेंगी। तेजस्वी यादव ने गुरुवार को बिहार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के 245 सहायकों को नियुक्ति पत्र बांटे। इसी दौरान उन्होंने यह घोषणा की कि 2.30 लाख नई नौकरियां भी दी जाएगी। तेजस्वी ने कहा है कि सभी विभागों में रिक्तियों को भरने को लेकर डेटा मांगा गया है। राज्य में फिलहाल 1.70 लाख शिक्षकों की नौकरी का रास्ता साफ हो गया है। अब 2.30 लाख नई नौकरियों में राज्य के गृह विभाग की ओर से 75 हजार, स्वास्थ्य विभाग की ओर से 1 लाख 60 हजार को नौकरी मिलनी है। इसमें किसी को शक नहीं होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर सिर्फ धर्म की राजनीति करने का उन्होंने आरोप लगाया।

## खबरें फटाफट

### 2000 के नोट बदलने के खिलाफ दायर याचिका सुनने से सुप्रीम कोर्ट का इंकार


**नई दिल्ली।** बिना आईडी प्रूफ 2000 के नोट बदलने के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है। बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने आरबीआई के बिना आईडी प्रूफ दो हजार के नोट बदलने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है। बता दें कि चलन से बाहर किए जा रहे 2000 के नोटों को बिना आईडी प्रूफ और डिपॉजिट स्लिप के बैंकों में जमा करने की सुविधा दी गई है। इस फैसले के खिलाफ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हालांकि हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी। याचिका खारिज होने के बाद अश्विनी उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। हालांकि अब वहां से भी उन्हें राहत नहीं दी गई है। बता दें कि रिजर्व बैंक ने बीती 19 मई को नोटिफिकेशन जारी कर कहा था कि 2000 के नोट चलन से बाहर किए जा रहे हैं। जिसके तहत लोग बैंकों में 2000 के नोट जमा करा सकते हैं। बैंकों में 2000 के नोट जमा करने के लिए 30 सितंबर तक का समय दिया गया है।

## दिल्ली में नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' से मिले पीएम मोदी

# द्विपक्षीय वार्ता के साथ सीमा मुद्दों को हल करने का आग्रह है: प्रचंड

- नेपाल के पीएम ने कहा, मैंने पीएम मोदी को नेपाल आने का सौहार्दपूर्ण निमंत्रण दिया है, मैं नेपाल में उनका स्वागत करने को उत्सुक हूं
- दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त रूप से बथनाहा से नेपाल कस्टम यार्ड तक भारतीय रेल कार्गो ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया

**एजेंसी/नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' से मुलाकात की। नेपाल के प्रधानमंत्री भारत की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं. इस दौरे का उद्देश्य दोनों देशों के दोस्ती संबंधों को मजबूत करना है। पीएम मोदी ने अपने नेपाली समकक्ष से मुलाकात के बाद कहा, भारत और नेपाल अपने द्विपक्षीय संबंधों को हिमालय की ऊंचाइयों पर ले जाने और सीमा मुद्दे सहित सभी मामलों को इसी भावना के साथ हल करने की पूरी कोशिश करेंगे। बॉर्डर हमारे बीच बैरियर नहीं बने। 9 साल बाद मुझे कहते हुए खुशी है कि हमारी पार्टनरशिप हिट है।

उन्होंने कहा, हमने अब इसी पार्टनरशिप को सुपरहिट बनाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। मुझे याद है 9 साल पहले 2014 में, कार्यभार संभालने के तीन महीने के अंदर मैंने नेपाल की अपनी पहली यात्रा की थी। उस समय मैंने भारत-नेपाल संबंधों के लिए एक 'हिट' फामूर्ला दिया था जिसमें हाई-वे, आई-वेज, और ट्रांस-वेज थे।

वहीं, नेपाल के पीएम ने कहा, मैंने पीएम मोदी को नेपाल आने का सौहार्दपूर्ण निमंत्रण दिया है। मैं नेपाल में उनका स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं। साथ ही मैं पीएम मोदी से द्विपक्षीय वार्ता के साथ सीमा मुद्दों को हल करने का आग्रह करता हूं।

**भारत-नेपाल के बीच संबंध सदियों पुराने:** उन्होंने बताया कि यह उनकी चौथी भारत यात्रा है। भारत और नेपाल के बीच संबंध सदियों पुराने हैं। आज दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने के कदमों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि हमने संयुक्त रूप से कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं भी शुरू की हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने संयुक्त रूप से रेलवे के कुर्था-बीजलपुरा खंड की ई-योजना का अनावरण किया। दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त रूप से बथनाहा से नेपाल कस्टम यार्ड तक भारतीय रेल कार्गो ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया। भारत दौरे पर नेपाल के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से भी मुलाकात करेंगे। नेपाली प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश के शहर इंदौर और उज्जैन भी जाएंगे, जहां वह स्वच्छता प्रबंधन के बारे में जानकारी लेंगे। नेपाल की तरफ से भारत के कई शहरों को हवाई रूट से जोड़ने की मांग की जा सकती है।

दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की मुलाकात पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट करते हुए लिखा कि 'दोस्ती और सहयोग के गठबंधन को गहरा करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी और नेपाल के पीएम पुष्प कमल दहल प्रचंड से हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय संबंधों को लेकर मुलाकात हुई।

# मोहनिया के एसडीओ सत्येंद्र प्रसाद के तीन ठिकानों पर विजिलेंस का छापा, मिले भारी मात्रा में कैश

- एसडीओ ने घर के डेकोरेशन पर खर्च किए 1.5 करोड़ रुपए

**केटी न्यूज/मोहनिया**

भ्रष्टाचार मामले में कैमूर जिले के मोहनिया सब डिवीजन के एसडीओ सत्येंद्र प्रसाद पर स्पेशल विजिलेंस यूनिट ने शिकंजा कसा है। गुरुवार को एक साथ पटना, बेतिया और कैमूर में इनके तीन ठिकानों पर छापा पड़ा है। रेड के दौरान स्पेशल विजिलेंस यूनिट को सत्येंद्र प्रसाद और उनकी पत्नी के नाम के कई बैंक अकांउट का पता चला है। साथ ही LIC और HDFC बैंक में 25 लाख से अधिक निवेश और संपत्ति खरीदने के सबूत मिले हैं। एसडीओ ने 2019-20 में अपनी बेटी के नाम पर LIC में 15 लाख रुपया एकमुश्त जमा किया था। इसके साथ ही पटना के फ्लैट और बेतिया में बनाए गए घर के डेकोरेशन पर उन्होंने 1.5 करोड़ रुपया खर्च किए हैं।

विजिलेंस टीम को एसडीओ के पटना स्थित फ्लैट से 3 लाख रुपए की पिस्टल और 15 लाख के जेवर भी मिले हैं। विजिलेंस ने दावा किया कि 10 साल की नौकरी में सत्येंद्र प्रसाद ने नाजायज तरीके से संपत्ति अर्जित की है। उनकी आय से 150 गुना अधिक संपत्ति है। टीम ने इनके ठिकाने से कंप्यूटर, लैपटॉप, आईपैड सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को भी जब्त किया है। इस केस की जांच डीएसपी स्तर के अधिकारी को सौंपी गई है। कैमूर में मोहनिया स्थित एसडीएम ऑफिस और उनके सरकारी आवास की तलाशी की गई। सूत्रों की मानें तो उनके आवास से भारी मात्रा में कैश मिला है, जिसे गिनने के लिए मशीन मंगवाई गई है।






## जातीय संघर्ष के कारण जल रहे मणिपुर में शांति बहाल करने के उद्देश्य से किया बड़ा प्रशासनिक फेर बदल

# बिहार के रहने वाले राजीव सिंह बने मणिपुर के नए डीजीपी

**एजेंसी/नई दिल्ली**



पिछले एक महीने से जातीय संघर्ष के कारण मणिपुर जल रहा है और सरकार की शांति बहाल करने की सारी कोशिशें नाकाम हो गई हैं। गृहमंत्री अमित शाह मणिपुर दौरे पर हैं। इस बीच राज्य में शांति बहाल करने के उद्देश्य से गृह विभाग ने बड़ा प्रशासनिक फेर बदल किया है। मूल रूप से बिहार के रहने वाले 1993 बैच के आईपीएस अफसर राजीव सिंह को राज्य का नया डीजीपी बनाया गया है। एक दिन पहले ही उनके कॉडर को तीन सालों के मणिपुर ट्रांसफर कर दिया गया था। वह केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में महानिरिक्षक के पद पर तैनात थे। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई है।

सूत्रों के मुताबिक भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी राजीव सिंह को राज्य की मौजूदा सुरक्षा स्थिति को संभालने के लिए डीजीपी के पद पर नियुक्त किया गया है। एक आधिकारिक आदेश के मुताबिक केंद्र सरकार ने हाल ही में त्रिपुरा कैडर से मणिपुर आए आईपीएस अधिकारी राजीव सिंह को राज्य का डीजीपी नियुक्त किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश के मुताबिक सिंह की नियुक्ति तीन साल के लिए होगी। गृह मंत्रालय ने सीआरपीएफ को सिंह को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त करने का भी निर्देश दिया है ताकि वह अपना नया कार्यभार ग्रहण कर सकें।

### अब तक 80 लोगों की गई जान

सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों ने बताया कि तीन मई को हिंसा शुरू होने के बाद से अब तक संघर्ष में 80 लोगों की जान चली गई है। गौरतलब है कि मणिपुर में मेइती समुदाय द्वारा अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में तीन मई को पहाड़ी जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के आयोजन के बाद जातीय हिंसा भड़क गई थी।

### मृतक के परिजनों को 5 लाख रु. का मुआवजा: अमित शाह

मणिपुर में हुई हिंसा पर अमित शाह ने कहा है कि केंद्र सरकार ने इन घटनाओं की जांच के लिए उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। मणिपुर के राज्यपाल नागरिक समाज के सदस्यों के साथ एक शांति समिति का नेतृत्व करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मणिपुर सरकार डीबीटी के माध्यम से मृतक पीड़ितों के परिजनों को 5 लाख रुपये का मुआवजा प्रदान करेगी। केंद्र सरकार भी डीबीटी के माध्यम से मृतक पीड़ितों के परिजनों को 5 लाख रुपये का मुआवजा देगी। मणिपुर में हिंसा के पीड़ितों के लिए राहत उपाय होंगे।

# स्टेज शो के दौरान हर्ष फायरिंग में भोजपुरी सिंगर निशा को लगी गोली

**केटी न्यूज/छपरा**

- जनता बाजार थाना क्षेत्र के सेंदुवार में यज्ञोपवीत संस्कार को लेकर आयोजित किया गया था कार्यक्रम
- घटना के बाद निशा उपाध्याय को पटना में कराया गया भर्ती



सारण जिले में बीती रात स्टेज शो के दौरान एक भोजपुरी गायिका के पैर में गोली लग गई। जिसके बाद शो के दौरान अफरातफरी मच गई। जख्मी गायिका का नाम निशा उपाध्याय है। जिन्होंने कम समय में ही भोजपुरी इंडस्ट्री में अपनी अगल पहचान बना ली है। घटना के बाद उन्हें आनफानन में इलाज के लिए पटना ले जाया गया। जहां एक बड़े निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। मामले में अब तक किसी के द्वारा कोई भी तहरीर नहीं दी गई है। लेकिन, पुलिस स्टेज शो के दौरान लोगों द्वारा लिए जा रहे वीडियो फुटेज खंगालने में जुटी हुई है। जिससे पता चल सके कि निशा उपाध्याय को गोली कैसे लगी।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंगलवार को सारण जिले के जनता बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत सेंदुवार निवासी अनिल सिंह के बेटे का यज्ञोपवीत संस्कार को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां कार्यक्रम में शामिल लोगों के मनोरंजन के लिए स्टेज शो भी अयोजित किया गया था। जिसमें निशा उपध्याय को बुलाया गया था। स्थानीय जिले की होने के कारण जिले में उनके काफी चर्चे थे। इसलिए लोगों की भीड़ काफी जुटी हुई थी। स्टेज शो के दौरान उनके मंच पर आने के बाद लोगों में काफी उत्साह था। इस क्रम में लोगों ने हर्ष फायरिंग भी शुरू कर दी। इस बीच मंच संचालक ने हर्ष फायरिंग न करने की अपील की, लेकिन तभी निशा अपने पैरों को सहलाने लगी। जब लोग कुछ समझ पाते वह स्टेज पर बैठ गई और उनके पैरों से खून निकलने लगा। लोगों को समझते देर नहीं लगी कि निशा को गोली लग चुकी है। जिसके बाद हां अफरातफरी का माहौल बन गया। कार्यक्रम के आयोजक अनिल सिंह व उनके परिजनों ने फौरन निशा को पटना के लिए रवाना किया। जहां वो इलाजरत हैं। हालांकि, चिकित्सकों को कहना है कि वो खतरे से बाहर हैं। लेकिन, निशा के सहयोगियों का कहना है कि उनको गोली मारी गई है। फिलहाल पुलिस को किसी भी प्रकार की लिखित शिकायत नहीं मिली है। वहीं, रसूखदारों के द्वारा किसी प्रकार मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है।

### रद्द होगा लाइसेंस


हाल के दिनों में विभिन्न कार्यक्रमों में हर्ष फायरिंग के दौरान कई लोग जख्मी हुए और कइयों को अपनी जान गंवानी पड़ी। जिसको लेकर बिहार सरकार ने कड़े कदम उठाए हैं। बताया जाता है कि पिछले पांच माह विभिन्न जिलों में हर्ष फायरिंग के कारण कुल 25 लोगों की मौत हो चुकी है। जिस पर नकेल कसने के लिए पुलिस मुख्यालय ने जिलों के एसपी के लिए सख्त निर्देश जारी किए। मुख्यालय ने हर्ष फायरिंग में इस्तेमाल होने वाले हथियारों का लाइसेंस रद्द करने का फरमान जारी किया है। अब देखना यह है कि भोजपुरी सिंगर को गोली लगने के मामले में किसका लाइसेंस रद्द होगा।

चौरी थाना क्षेत्र का मामला, शराब माफियाओं के साथ मिलकर हत्या करने का लगाया आरोप

# मजदूरी करने गये अधेड़ की गर्म पानी डालकर हत्या, छानबीन में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**





जिले के चौरी थाना क्षेत्र के अंधारी गांव में एक अधेड़ की गर्म पानी डालकर निर्मम तरीके से हत्या कर दी गयी। उसका शव गुरुवार की सुबह अंधारी में ही सोन नदी किनारे स्थित सूर्य मंदिर के पास बरामद किया गया। शव पूरी तरह जल मृत हुआ था।मृत अधेड़ अंधारी गांव निवासी स्व. भोगी चौधरी के 57 वर्षीय पुत्र करीमन चौधरी थे। वह बुधवार की सुबह गांव के हएक रिश्तेदार के साथ मजदूरी करने सोन दियारे में गये थे। उसी रिश्तेदार पर शराब माफियाओं के साथ मिलकर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। हालांकि हत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। इधर, शव के मिलने से इलाके में सनसनी मच गई है। सूचना मिलते ही चौरी थाना इंचार्ज कुमार रजनीकांत पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया।

करीमन चौधरी के बेटे कन्हैया कुमार ने बताया कि रोहतास जिला के डेहरी ऑन सोन निवासी प्रकाश नामक व्यक्ति है जो रिश्ते में दामाद लगते है। उनके साथ उसके पिता करीमन चौधरी सुबह करीब 6 बजे मजदूरी करने के लिए घर से निकले थे। जब दोपहर 1 बजे कन्हैया कुमार ने उक्त व्यक्ति को और पूछा की पिता कहां तो उसने कहा कि वह मजदूरी करने दियारा देने गए हैं। इसके बाद बुधवार की देर शाम जब उसके पिता घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। गुरुवार की सुबह जब उसकी मां एवं भाई दुबारा सोन नदी किनारे उन्हें खोजने गए तो सोन नदी किनारे बालू घाट पर उनका शव पड़ा मिला। जिसके पश्चात परिजनों ने इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। कन्हैया कुमार ने रिश्ते के दामाद प्रकाश एवं शराब माफियाओं पर गर्म पानी से जलाकर उनकी हत्या कर शव को फेंकने की आशंका जताई है। जबकि उसने अपने पिता के किसी भी व्यक्ति से किसी प्रकार के विवाद एवं दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

■ अंधारी में सोन नदी किनारे गुरुवार को मिला शव, हत्या का कारण स्पष्ट नहीं

**परिजनों ने अभी तक कोई लिखित आवेदन नहीं दिया :** वहीं इस मामले में चौरी थाना इंचार्ज कुमार रजनीकांत ने बताया कि मृतक जिस प्रकाश नामक व्यक्ति के साथ घर से निकले थे। उनके बीच मारपीट करने की बात सामने आ रही है। लेकिन परिजनों ने अभी तक कोई लिखित आवेदन नहीं दिया है। उनके द्वारा लिखित आवेदन देने के बाद ही मामला पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा और उसके बाद ही कुछ बताया जा सकता है। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई व दो बहन में बड़े थे। मृतक के परिवार में पत्नी कुंती देवी व तीन पुत्र अनिल कुमार, सुनील कुमार एवं कन्हैया कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की पत्नी कुंती देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## रेफरल अस्पताल के चिकित्सकों को पानी की हो रही समस्या

**जहानाबाद।** जिले के मखदुमपुर समेत कई प्रखंडों में भीषण गर्मी पड़ने के कारण जलस्तर जमीन के काफी नीचे चला गया है। जिसके कारण प्रखंड के कई जगहों से चापाकल सूख जाने की शिकायतें मिल रही हैं। वहीं, जल स्तर के नीचे जाने के कारण ताजा मामला रेफरल अस्पताल मखदुमपुर के चिकित्सकों की हैं। आम लोगों के साथ-साथ मखदुमपुर में अब चिकित्सकों को भी पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। जिसे लेकर रेफरल अस्पताल मखदुमपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हेमंत कुमार ने पीएचइडी विभाग के कार्यपालक अभियंता को पत्र लिखकर कहां है के चिकित्सक एवं परिचारिका आवासीय परिसर में नया बोर्डिंग जल्द से जल्द करवाया जाए, क्योंकि परिसर में जो पुराना बोरिंग था उसका जलस्तर काफी नीचे चले जाने के कारण दो-तीन दिनों से पानी की घोर समस्या उत्पन्न हो गई है। इस कारण चिकित्सकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिसे लेकर अस्पताल परिसर में जल्द से जल्द नया बोरिंग करवाया जाए, बता दें के मखदुमपुर प्रखंड के कई गांव में भीषण गर्मी पड़ने के कारण पानी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जिसका ताजा मामला सुखदेव प्रसाद वर्मा रेफरल अस्पताल मखदुमपुर बना है।

## कैचेट फार्मास्युटिकल्स के प्रबंध निदेशक ने न्यायालय में लगाया आरओ मशीन

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



कैचेट फार्मास्युटिकल्स के प्रबंध निदेशक सह उद्योगपति सतीश कुमार सिंह ने गुरुवार को जिला व्यवहार न्यायालय में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरओ वाटर मशीन लगाया है। मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने आरओ वाटर मशीन का उद्घाटन करते हुए कहा कि उद्योगपति सतीश कुमार सिंह द्वारा समय-समय पर न्यायालय में सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

यह सराहनीय कार्य आरओ वाटर मशीन लग जाने से न्यायलय में आने वाले न्यायधीशों, अधिवक्ताओं और फरियादियों को काफी सुविधा मिलेगी। विदित हो कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अजय कुमार द्वारा उद्योगपति सतीश कुमार सिंह से न्यायालय परिसर में आरओ वाटर मशीन लगाने हेतु पत्राचार किया था। जिसके उपरांत उद्योगपति के निर्देश पर कंपनी के जिला समन्वयक पंकज कुमार द्वारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश के चेंबर में आरओ वाटर मशीन लगाया गया है। इस मौके पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार सिंह, कंपनी के जिला समन्वयक पंकज कुमार उपस्थित थे।

# चलती टेंपो से गिरी बेटी के ससुराल से लौट रही महिला, अस्पताल ले जाने के दौरान मौत

- अपने दामाद के भाई की शादी में समधियाना गयी थी महिला, रास्ते में तोड़ा दम

**केटी न्यूज/आरा**



आरा-अरवल रोड पर पवना बाजार के समीप गुरुवार की दोपहर चलती ऑटो से गिरकर एक महिला की मौत हो गयी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृत महिला उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सरथुआ गांव निवासी हड़ताल राम की 50 वषीर्या पत्नी सुबह मुन्नी देवी थी।

महिला के दामाद राज कुमार राम ने बताया कि उनकी मंझली बेटी राजधानी देवी के देवर की शादी थी। उसमें भाग लेने वह तीन दिन पूर्व बेटी के ससुराल गड़हनी गांव गयी थी। गुरुवार की दोपहर ऑटो पर सवार होकर वापस अपने गांव लौट रही थी। उसी दौरान अचानक असंतुलित होकर चलती ऑटो से सड़क पर गिर पड़ी और गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसके बाद उनके एक रिश्तेदार ने फोन कर हादसे की सूचना दी। उस पर वह घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लेकर आए। वहां डाक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया। उसके बाद नगर थाने के एएसआई द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है है कि महिला को तीन पुत्री गुलजारो देवी, राजधनी देवी, जूली कुमारी, पुत्र मोहन राम और धनजी राम है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है।

पखवाड़ा के दौरान घर-घर जाकर पांच वर्ष तक के बच्चों के बीच बांटी जाएगी ओआरएस पैकेट

# सूचना: 16 जून से जिला में चलेगा सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा

**केटी न्यूज/भुभुआ**




राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत दस्त से होने वाले शिशु मृत्यु दर को शून्य स्तर तक लाने के उद्देश्य से व डायरिया से बचाव के लिए जिले में 16 से 30 जून तक सघन दस्त पखवाड़ा का आयोजन किया जायेगा। इस संदर्भ में सचिव स्वास्थ्य-सह-कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार संजय कुमार सिंह ने जिला सिविल सर्जन को पत्र लिखकर आवश्यक निर्देश दिए हैं। पखवाड़ा के दौरान संबंधित क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता अपने पोषक क्षेत्र में घर-घर जाकर पांच वर्ष तक के सभी बच्चों के बीच ओआरएस पैकेट का वितरण करेंगी। इसके साथ ही 5 वर्ष की उम्र तक के ऐसे बच्चे, जो दस्त रोग से ग्रसित होंगे, उन्हें लक्षित कर उनका समुचित उपचार किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान आशा कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में डोर टू डोर भ्रमण कर माइक्रो प्लान तैयार करेंगी। जिसमें पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की सूची बनाई जानी है। पखवाड़ा के दौरान पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के घरों में प्रति बच्चा एक-एक ओआरएस पैकेट का वितरण किया जाएगा। पखवाड़े में प्रयास किया जायेगा कि किसी भी बच्चे में निर्जलीकरण की स्थिति में घर में ही तत्काल ओआरएस तथा जिंक टैबलेट के माध्यम से प्रबंधन हो सके।

**दस्त नियंत्रण पखवारा के उद्देश्य :** जारी पत्र में बताया गया है कि जून में आयोजित होने वाले दस्त नियंत्रण पखवाड़ा का उद्देश्य जिले में दस्त के कारण होने वाले शिशु मृत्यु का शून्य स्तर प्राप्त करना है। डायरिया से होने वाले मृत्यु का मुख्य कारण निर्जलीकरण के साथ इलेक्ट्रोलाइट की कमी होना है। ओआरएस एवं जिंक के प्रयोग के द्वारा डायरिया से होने वाले मृत्यु को टाला जा सकता है। सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा के दौरान अंतर विभागीय समन्वय द्वारा दस्त के रोकथाम के उपाय दस्त होने पर ओआरएस एवं जिंक का प्रयोग दस्त के दौरान उचित पोषण तथा समुचित इलाज के विभिन्न पहलुओं का क्रियान्वयन किया जाना है।

**यह है जिला का विवरण :**जारी पत्र के अनुसार जिले के 3.91 लाख घर के करीब 2.87 लाख बच्चे 5 वर्ष से कम उम्र के हैं जिन्हें दवा खिलाई जा सकती है। इसके लिए जिले को करीब 5.58 लाख ओआरएस पैकेट की आवश्यकता होगी। साथ ही जिले को करीब 2.37 लाख जिंक की गोलियों की भी जरुरत पड़ेगी। बताया जाता है कि मल का ज्यादा पतला या पानी जैसा होना ही डायरिया (दस्त) का पहला लक्षण है। इसके अलावा बच्चा बेचैन व चिड़चिड़ा रहा हो, अथवा सुस्त या बेहोश हो, बच्चे को बहुत ज्यादा प्यास लगना अथवा पानी नही पीना। चिकोटी काटने पर पेट के बगल की त्वचा खींचने पर धीरे-धीरे पूर्वावस्था में आना अर्थात त्वचा के ललीचेपन में कमी आना आदि डायरिया का ही कारण और लक्षण है।

## एक नजर

### बिना जांच के उत्पाद विभाग ने सात महिलाओं को किया गिरफ्तार, लोगों ने किया एनएच जाम



**जहानाबाद।** जिले के मखदुमपुर में गुरुवार के दिन आबकारी विभाग की टीम ने छापेमारी करते हुए मखदुमपुर प्रखंड के आंकोपुर और खलकोचक गांव से शराब पीने के आरोप में बिना जांच के कुल सात महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने गया पटना मुख्य मार्ग एनएच-83 बाईपास को घण्टों जाम कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। घण्टों लगे रहे जाम के बाद भी स्थानीय प्रशासन मौके पर नहीं पहुंची, बाद में जगपुरा पंचयात के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि स्त्राजी शर्मा के समझाने के बाद जाम को छुड़ाया गया। वहीं महिलाओं ने बताया कि वे लोग सुबह सुबह खेत मे काम करने चली गई थीं। इधर, पुलिस आई और घर में जो महिला मिली उसको पकड़ कर ले गई। जिसमें एक छह महीने के बच्चे की मां को भी पकड़ कर ले गई। ग्रामीणों का कहना था के प्रशासन की ओर से उन्हें हर दिन ही परेशान किया जाता हैं। बिना जांच किये ही पुलिस पकड़ कर ले जाती है। और हमारी कोई सुनने वाला भी नहीं है। जिससे परेशान होकर सड़क पर उतरना पड़ा है। वही ग्रामीण देवानन्द और अमरेंद्र शर्मा ने बताया कि बिना सूचना दिए ही पुलिस के द्वरा घर मे घुस महिलाओं को पकड़ कर ले जाती है। इसकी सूचना स्थानीय थाने में भी नहीं होती है। कि वे कहा ले गए है। वहीं पूर्व मुखिया प्रतिनिधि ने बताया के इस मामले को लेकर प्रभारी मंत्री संतोष कुमार से बात हुई है। मंत्री ने डीएम से बात कर मामले को देखने की बात कही है। जिसके बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया।

### भाकपा-माले ने शहीदों के स्मारक का किया लोकार्पण, दी गई श्रद्धांजलि



**जहानाबाद।** भाकपा-माले ने शहीद चलितर पासवान उर्फ. पहाड़ी पासवान और शहीद सम्पतिया देवी उर्फ.सोना देवी के स्मारक का लोकार्पण किया गया। साथ ही एक विशाल सभा का आयोजन किया गया। स्मारक का उद्घाटन किसान महासभा के राज्य सचिव सह भाकपा-माले के जिला सचिव कामरेड रामाधार सिंह ने किया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाकपा-माले के राज्य स्थायी समिति के सदस्य सह अरवल विधायक कामरेड महानंद भी शामिल थे। सबसे पहले कार्यक्रम में झंडा तोलन किसान नेता सह भाकपा-माले के जिला कमिटी सदस्य कामरेड जगदीश पासवान ने किया। स्मारक उद्घाटन के पहले शहीदों के सम्मान में एक मिनट का मौन रखकर फुल- माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दिया गया। कार्यक्रम मोदनगंज प्रखंड के मसाढ गांव में सम्पन्न हुई।शहीद चलितर पासवान के पत्नी और शहीद सोना देवी के पुत्र को मंच पर बैठाकर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोदनगंज प्रखंड सचिव कामरेड वितन मांझी ने किया। जबकि कार्यक्रम का संचालन प्रखंड कमिटी सदस्य कामरेड अभय पासवान ने किया। कार्यक्रम को संबोधित किसान महासभा के राज्य सचिव सह भाकपा-माले के जहानाबाद जिला सचिव कामरेड रामाधार सिंह, भाकपा-माले के राज्य स्थायी समिति सदस्य सह अरवल विधायक कामरेड महानंद, भाकपा-माले के जिला कमिटी सदस्य कामरेड प्रदीप कुमार, युवा नेता कामरेड योगेंद्र यादव आदि ने किया। कार्यक्रम में प्रखंड कमिटी सदस्य कामरेड सुरेश बिंद, नरेश बिंद आदि शामिल थे।

### केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गांवों में जाकर घर-घर बताने का कार्य करें: नंदकिशोर यादव



**जहानाबाद।** पटना से जहानाबाद परिसदन आगमन पर बिहार भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री एवं पटना साहिब के लोकप्रिय विधायक नंदकिशोर यादव का अंबेडकर चौक पर भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्हें अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। स्वागत उपरांत पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्र सरकार के द्वारा किए गए कार्य को गांवों में जाकर घर-घर बताने का कार्य करें। मोदी सरकार ने राष्ट्रीय हित कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं । साथ ही गरीब कल्याण के लिए कई योजनाएं केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही है। 9 साल बेमिसाल सेवा ,सुशासन एवं गरीब कल्याण के लिए समर्पित पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे महाजनसंपर्क अभियान के तहत 30 जून से 30 मई तक चलने वाले कार्यक्रम को पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। इस अवसर पर जनसंघ काल से पार्टी के वरिष्ठ नेता जोहन राम, शिक्षा प्रकोष्ठ संयोजक अरविंद कुमार, जिला मंत्री पुष्पा कश्यप मंडल अध्यक्ष अखिलेश कुमार, आईटी सेल पूर्व संयोजक दीपक कुमार, रितेश रंजन, युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष गोपाल कुमार, सैनिक प्रकोष्ठ के पूर्व संयोजक मुकेश कुमार, नगर मंडल उपाध्यक्ष रीजू साव, वीरेंद्र शर्मा, विभा देवी, राकेश कुमार समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बैंक कर्मी को गोली मारकर छीने रुपए

**अरवल।** जिले के कलेर में अपराधियों ने बंधन बैंक के कर्मी को गोली मारकर 95 हजार रुपए लुट लिए। पहले से घात लगाए अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। अपराधी बैंक कर्मी से पैसे लूट कर फरार हो गए घटना के बाद अपराधी बाइक पर पिस्टल लहराते हुए भागते देखे गए। अपराधियों की भागने की तस्वीर सीसीवी में कैद हो गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान करने में जुट गई है। बंधन बैंक का एरिया कलेक्शन ऑफिसर जीविका दीदियों के समूह से पैसा लेकर कलेर बंधन बैंक ब्रांच लौट रहे थे। कलेर गांव के समीप अपराधियों ने बैंक कर्मी से पैसे छीनने की कोशिश की जिसके विरोध करने पर अपराधियों ने बैंक कर्मी के मुंह में गोली मार दी। घटना में घायल बैंक कर्मी दौड़ते हुए अस्पताल पहुंचे। जिसके बाद कलेर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उनकी इलाज कराई गई। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें पीएमसीएच रेफर कर दिया। बैंक प्रबंधक प्रमोद कुमार ने बताया कि समूह से पैसे कलेक्ट कर लौट रहा था। हर महीने की 1 तारीख को अलग-अलग गांव में जीविका दीदी द्वारा चलाए जा रहे समूह से कैश की कलेक्शन की जाती है। उन्होंने कलेर,अग्नूर,हिच्छन बिगहा जलावैया से पैसा कलेक्शन कर लिया था। कैश लेकर लौटने के दौरान उनपर हमला किया गया। बैंक कर्मी हनसाडीह गांव से पैसे लेकर आ रहा था तभी अपराधियों ने गोली मारकर पैसे लूट लिए। घायल युवक मनीष कुमार (28) पिता चंदेश्वर यादव कुर्था थाना क्षेत्र के निघवा गांव का रहने वाला हैं। इस घटना के बाद अपराधी दाऊद नगर की ओर भागते देखे गए। जिसके बाद कलेर थाने की पुलिस अपराधियों की पहचान करने में जुट गई है। पुलिस जगह जगह पर लगाए गए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। सहायक थाना अध्यक्ष शमशेर आलम ने बताया की अपराधी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही हैं।

## खबरें फटाफट

### एससी-एसटी एक्ट का आरोपी व वारंटी गिरफ्तार

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी थाना क्षेत्र के कड़सर गांव से एससी एसटी एक्ट के आरोपी तथा सलसला से फरार कोर्ट वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार एससी एसटी आरोपी कड़सर निवासी दिनेश चौधरी तथा फरार वारंटी सलसला गांव निवासी संजय पासवान है। सोनवर्षा ओपीध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि बीते माह कड़सर गांव की एक महिला ने 6 लोगों पर छेड़खानी करने, विरोध करने पर मारपीट करने व जाति सूचक शब्द का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए 6 लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी। ओपीध्यक्ष ने बताया बुधवार की रात आरोपी के घर पर छापेमारी कर उसे धर दबोचा गया। वही गुप्त सूचना पर सलसला गांव के फरार वारंटी को पुलिस ने उसके घर छापेमारी कर धर दबोचा। इसके बाद गुरुवार को ओपीध्यक्ष ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर गिरफ्तार दोनों को जेल भेज दिया।

### दूसरे दिन भी नहीं हुई शव की शिनाख्त



**डुमरांव।** बुधवार को जंगलीनाथ शिव मंदिर के पास मिले शव की शिनाख्त दूसरे दिन भी नहीं हो सकी है। पुलिस उसके तस्वीर को विभिन्न थानों के साइबर सेनानी ग्रुप में भेज पहचान का प्रयास कर रही है। लेकिन देर शाम तक पहचान नहीं हो पाई हैं। वही उसके मौत के कारणों का भी पता नहीं चल सका है। आशंका जताई जा रही है कि वह हिट वेव का शिकार हो गया होगा। वही शव की शिनाख्त को ले लोगों की उत्सुकता बढ़ गई है। हालांकि पहचान नहीं होने से अनुमान लगाया जा रहा है कि वह दूसरे जगह का रहने वाला होगा।

# डीएम ने चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा, बोले- सभी बूथों पर हो सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**नगर पंचायत चुनाव**

- आदर्श अचार संहिता का कड़ाई से पालन व जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/इटाढ़ी**



डीएम अंशुल अग्रवाल गुरूवार को इटाढ़ी पहुंचे। उन्होंने इटाढ़ी में हो रहे नगर पंचायत चुनाव की तैयारियों तथा विधि व्यवस्था संधारण की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बक्सर एसडीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र व एसडीपीओ को आदर्श आचार संहिता के नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराने का निर्देश दिया। कहा कि जो प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते पाए जाते हैं उनपर नियमानुसार कार्रवाई करें व एफआईआर दर्ज कराएं। इसके अलावे डीएम ने ईवीएम की उपलब्धता, एफएलसी एवं कमिशनिंग की समीक्षा की तथा जरूरी दिशा निर्देश दिए।

### बूथों पर मूलभूत सुविधा मुहैया कराने का निर्देश

समीक्षा के दौरान डीएम ने इटाढ़ी नगर पंचायत के 11 वार्डो के 14 मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर साफ सफाई करने, सेड की व्यवस्था करने, पेयजल की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। वही आपात स्थिति से निपटने के लिए निवार्ची पदाधिकारी को मतदान केंद्रों पर ओआरएस एवं जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा। डीएम ने कहा कि भीषण गर्मी के इस मौसम में मतदाताओं तथा चुनाव कर्मियों की तबीयत खराब हो सकती है। इस लिहाजा मतदान केन्द्रो पर जरूरी संसाधन उपलब्ध रहना चाहिए।

### मतदान केन्द्रों का किया भौतिक सत्यापन

निर्वाचन कार्य से संबंधित कर्मियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 4 और 5 जून को दिया जाएगा। डीएम ने निवार्ची पदाधिकारी को मतदानकर्मियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देने और प्रशिक्षण के दौरान खुद उपस्थित रहने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने मतदान केंद्र 07 रामबचन लोहार, पिता शिव प्रसाद लोहार निजी भवन में, आदर्श मध्य विद्यालय इटाढ़ी में अवस्थित 03 मतदान केंद्र एवं नागपुर में 01 मतदान केंद्र का भौतिक निरीक्षण किया और संबंधित पदाधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश दिया। तत्पश्चात डीएम ने प्रखंड परिसर इटाढ़ी में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल विभाग से निर्मित ग्रामीण जलापूर्ति योजना का निरीक्षण किया। इस जल मीनार से इटाढ़ी पंचायत के सभी वार्डों में जलापूर्ति की जाती है। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि पीएच मीटर एवं आईओडी डिवाइस स्थापित नहीं है। परिसर अंतर्गत साफ-सफाई का भी अभाव पाया गया तथा टंकी की सफाई कब की गई है ये भी अंकित नहीं था। उन्होंने कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल बक्सर को त्रुटियों को दूर कर इसका प्रतिवेदन देने को कहा।

**अपराधियों का राज: पटना में लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने मार दी थी गोली**

# दु:खद... संघर्ष के बाद जिंदगी की जंग हार गया यूपीएससी का अभ्यर्थी राहुल

- यूपीएससी क्रैक कर आईएएस बनना चाहता था राहुल कुमार ओझा
- मौत की सूचना पर ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के निमेज गांव में पसरा मातम

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शनिवार की रात पटना में यूपीएसएसी का परीक्षा देने गए अनुमंडल के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के निमेज गांव निवासी राहुल ओझा को लूट का विरोध करने पर लुटेरों ने गोली मार दी थी। गुरूवार को पटना के पारस अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसके साथ ही राहुल का यूपीएससी क्रैक कर आईएएस अधिकारी बनने का सपना टूट गया। मौत की पुष्टि होते ही परिजनों में क्रंदन चित्कार मच गया था। वही इस मनहूस खबर के मिलने के बाद से गांव का माहौल गमगीन हो गया हैं। मौत के बाद परिजन देर तक पारस अस्पताल के बाहर हंगामा करते रहे तथा लुटेरों को चिन्हित कर गोली मारने की मांग कर रह थे। वही इस घटना ने राजधानी पटना समेत पूरे बिहार के ला एंड आर्डर पर सवाल खड़े कर दिए है। विपक्षी खेमे द्वारा इसे जंगलराज बताया जा रहा हैं। विपक्षी नेताओं की मानें तो जब राजधानी पटना का ये हाल है तो पूरे सूबे में सुरक्षा व्यवस्था का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता हैं।



### टूट गए सारे सपने, बिखर गए सभी अरमान

कहां राहुल ने यूपीएससी क्वालीफाई कर आईएएस अधिकारी बनने का सपना देखा था। उसके परिजनों को भी उससे काफी उम्मीदें थी। राहुल के मामा आनंद पांडेय ने बताया कि वह काफी मेधावी था तथा सात भाई बहनों में सबसे छोटा था। उससे परिवार और रिश्देदारों को काफी उम्मीदें थी। सभी को यह लग रहा था कि वह अपनी प्रतिभा के बल पर जरूर यूपीएसएसी की कठिन परीक्षा पास करेगा। लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था। मामा ने बताया कि उसका चयन आरपीएफ में भी हुआ था। लेकिन आईएएस बनने के लिए उसने इस नौकरी को ज्वाइन नहीं किया था।

### परिजन बोले... यूपी की तर्ज पर बिहार में भी हो एनकाउंटर

निमेज गांव के मुक्तिनाथ ओझा का पुत्र राहुल ओझा पिछली शनिवार की रात यूपीएससी की परीक्षा देने पटना गया था। देर रात राजेन्द्र नगर टर्मिनल स्टेशन पर उतरने के बाद वह पैदल ही अपने किसी दोस्त के घर रात बिताने के लिए जा रहा था। लेकिन अगम कुंआ थाना क्षेत्र के एक सुनसान इलाके में लूटेरे उसे तथा उसके साथ चल रहे पान विक्रेता साहिल चौरसिया को रोक लूट पाट करने लगे। दोनों ने लूटेरों की हरकतों का विरोध किया। अपने को कमजोर होता देख लूटेरों ने दोनों को गोली मार दी। साहिल की मौत तो उसी रात इलाज के दौरान हो गई थी। जबकि राहुल के पेट में गोली फंस गई थी। उसके इलाज के लिए पहले राजेश्वरी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां उसकी बिगड़ती हालत को देख परिजनों द्वारा पारस अस्पताल में ले जाया गया। जहां गुरूवार को उसने अंतिम सांस ली। मौत से गुस्साए लोगों ने आरोप लगाया कि अस्पताल में उसको खून तक नहीं मिला। परिजनों ने कहा कि यूपी की तर्ज पर बिहार में भी एनकाउंटर होना चाहिए।

### महागठबंधन सरकार में कोई सुरक्षित नहीं: अश्विनी चौबे

**बक्सर।** केंद्रीय मंत्री सह बक्सर सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने ब्रह्मपुर के निमेज गांव निवासी मुक्तिनाथ ओझा के होनहार पुत्र राहुल ओझा की मृत्यु पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राहुल बिहार में व्याप्त जंगलराज की भेंट चढ़ गया। घटना बहुत ही दु:खद है। 5 दिन पहले राहुल को राजधानी पटना में अपराधियों ने लूटपाट के दौरान गोली मार दी थी। वे परीक्षा देने पटना गए थे। उन्होंने कहा कि बिहार की कानून-व्यवस्था की स्थिति जंगलराज से भी बदतर है। यहां कोई भी सुरक्षित नहीं है। राज्य में लूट, हत्या, बलात्कार की घटनाएं आम हो गई हैं। वहीं चाचा-भतीजे की जोड़ी सत्ता सुख में मगन है और अपराधी बेखौफ वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। राहुल 5 दिनों से जिंदगी और मौत से जूझता रहा, लेकिन प्रशासन ने सुध तक नहीं ली। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अपराधियों की गिरफ्तारी हर हाल में होनी चाहिए। इस संबंध में डीजीपी को अवगत कराया जाएगा। वहीं युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी ने भी एक होनहार की हत्या पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि महागठबंधन की सरकार में अपराधियों का बोलबाला बढ़ गया हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में योगी मॉडल की जरूरत है।

# टीकपोखर मोड़ के पास ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत



- सोनवर्षा बाजार से सामान खरीदकर घर लौटने के दौरान हुआ हादसा
- चंडीगढ़ की एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था मृतक

**केटी न्यूज/नावानगर**

आरा-मोहनिया हाइवे स्थित टीकपोखर गांव के पास सड़क पार करते एक युवक ट्रक के चपेट में आ गया। जिससे युवक की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना गुरुवार की शाम लगभग साढ़े छह बजे की है। मृतक टीकपोखर गांव निवासी बबन पांडेय का 27 वर्षीय पुत्र सुधीर कुमार पांडेय है। जो सोनवर्षा बाजार से शाम को आवश्यक समाग्री खरीद कर ऑटो से घर लौट रहा था। गांव के मोड़ पर ऑटो से उतर कर वह सड़क पार कर रहा था। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक उसे कुचलता हुआ भाग निकला। घटना के बाद काफी संख्या में ग्रामीण की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना सोनवर्षा ओपी पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंच पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक चंडीगढ़ में प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। जो कुछ दिन पूर्व ही गांव आया था। इधर मौत की सूचना मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। पत्नी रिंकी देवी रोते -रोते बेहोश हो रही थी। वहीं मृतक के बूढ़े माता पिता बेसुध हो गए हैं। बताया जाता है कि मृतक अपने पीछे बूढ़े माता -पिता के अलावा पत्नी, तीन वर्ष की एक बेटी व छह माह का बेटा छोड़ गया है।

**मुखिया प्रतिनिधि ने दी कबीर अंत्येष्टि की राशि:** सोनवर्षा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ने मृतक के परिजनों को कबीर अंत्येष्टि के तहत तीन हजार रुपए की सहायता राशि दी। जिससे मृतक के अंतिम संस्कार में सहायता हो सके।

# विवाहिता की संदेहास्पद मौत, दहेज के कारण हत्या का लग रहा आरोप

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोरानसराय थाना क्षेत्र के स्थानीय कोरान गांव में एक विवाहिता की संदेहास्पद मौत हो गई हैं। घटना बुधवार रात की बताई जा रही हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेजा दिया। मृतका मनीषा कुमारी उम्र 19 वर्ष मूल रूप से भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत खुशहालपुर गांव के मनोज पासवान की पुत्री थी। उसकी शादी 20 मई 2022 को बिहिया के महथिन मंदिर में हिंदू रीति रिवाज के साथ कोरानसराय के भुआली पासवान के पुत्र कामेश्वर पासवान के साथ हुई थी। उसकी मौत के बाद जहा ससुराल वाले पारिवारिक कलह में आत्महत्या किए जाने की बात कह




रहे है वही मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मृतका के पिता का कहना था कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज में मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे और नहीं देने पर प्रताड़ित कर रहे थे। पिता मनोज पासवान की मानें तो रात में फोन गया कि आपकी बेटी फांसी लगा आत्महत्या कर ली है। मनोज ने आशंका जताई है कि ससुराल वालों ने हत्या कर उसे आत्महत्या का रंग देने के लिए फांसी के फंदे पर लटका दिया है।

# फर्जी तरीके से दृष्टि बाधित का पेंशन लेने वाले लाभुक पर आरोप सिद्ध हुआ तो होगा एफआईआर, रिकवर होगी राशि

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के रामपुर गांव निवासी व दृष्टि बाधित का पेंशन लेने वाले प्रमोद कुमार पांडेय की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनके नाम से जारी ड्राइवरी लाइसेंस का हवाला देते हुए पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ने अनुमंडल लोक शिकायत निवारण में उनकी दिव्यांगता को चुनौती देते हुए अपील दायर किया था। अनुमंडल लोक शिकायत ने इस मुद्दे की जांच का आदेश केसठ बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा को दिया था। गुरूवार को इस मुद्दे पर सुनवाई हुई। जिसमें मेडिकल बोर्ड का गठन कर लाभुक के दिव्यांगता की जांच करने का आदेश दिया गया हैं।

बता दें कि प्रमोद कुमार पांडेय वर्ष 2013 से ही दिव्यांग का पेंशन (दृष्टी दोष) का लाभ ले रहे हैं। पेंशन लेने के लिए उन्होंने आंख से दिखाई नहीं देने का प्रमाणपत्र भी लगाया हैं। वही दूसरी तरफ प्रमोद कुमार पांडेय के नाम से परिवहन विभाग से ड्राइवरी लाइसेंस बनवाया गया है। जो



वर्ष 2023 तक वैध है। हैरत की बात यह है कि परिवहन विभाग आंख से अंधे व्यक्ति को लाइसेंस कैसे निर्गत कर दिया है। बता दें कि इस संबंध के रामपुर मुखिया प्रतिनिधि विकास कुमार पांडे उर्फ बसंत पांडे द्वारा अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के कार्यालय में परिवाद डाला गया था। जिसके बाद बीडीओ को जांच करने का निर्देश दिया गया था। इस संबंध में बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने बताया कि गुरुवार को पीजीआरओ में सुनवाई हुई। सुनवाई के क्रम में ये निर्देश किया गया कि प्रमोद कुमार पांडे की पुनः मेडिकल जांच कर रिपोर्ट दे। वही बीडीओ ने कहा कि अगर जांच के क्रम में ये गलत पाए जाते हैं तो उन से राशि की रिकवरी के साथ फजीर्वाड़ा करने का एफआईआर भी दर्ज कराया जाएगा। वही सूत्रों की मानें तो प्रखंड क्षेत्र में सैकड़ो लोगों द्वारा गलत तरीके से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ लिया जा रहा हैं। जानकारों का कहना है कि अगर गहराई से जांच किया जाए तो वृद्धा पेंशन, दिव्यांगता पेंशन समेत कई अन्य पेंशन योजनाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरतने की कलई खुल सकती हैं।

### क्या कहते हैं बीडीओ

मामले की जांच की जा रही हैं। दिव्यांगता की जांच के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया हैं। मेडिकल बोर्ड द्वारा उसके दिव्यांगता को गलत पाए जाने पर उसपर एफआईआर दर्ज कर राशि की रिकवरी की जाएगी।

**– मिथिलेश बिहारी वर्मा, बीडीओ, केसठ**

## एक नजर

### राजपुर प्रखंड में सरकारी जमीन पर बने घर पर बुलडोजर चला प्रशासन ने सिखाया सबक



**राजपुर।** प्रखंड के हेठुआ पंचायत के बिजौली गांव में गुरूवार को सरकारी रास्ते की जमीन से सीओ सोहन राम की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार परिवादी अर्जुन साह पिता स्वर्गीय शिवमोहन साह ने लिखित आवेदन देकर अवगत कराया था कि गांव के भरत शर्मा पिता शिवयोगी शर्मा रास्ते के जमीन पर अतिक्रमण कर घर बना लिए हैं। जिसके आलोक में अतिक्रमणवाद अधिनियम के तहत की गयी कार्रवाई के बाद रास्ता के लिए आनाबाद सर्वसाधारण के सरकारी जमीन पर बने पक्का घर को हटाने के लिए कई बार नोटिस किया था। लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया गया था। जिससे रास्ता बंद हो गया था। जिसको लेकर सोहन राम के निर्देश के बाद इसकी जांच पड़ताल की गयी जो सही पाए जाने पर बिहार सरकार के जमीन के खाता नंबर 94 एवं खेसरा नंबर 353 में कुल रकबा 6 डिसमिल के भूभाग पर बने पक्का घर को तोड़कर अतिक्रमण मुक्त किया गया। कार्रवाई करने से पूर्व वरीय अधिकारी के निर्देश पर भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। हालांकि अतिक्रमण हटाने के समय अतिक्रमण करने वाले लोगों ने विरोध जताया। जिस पर पुलिस पदाधिकारियों ने इन्हें समझाते हुए मकान को ध्वस्त कर रास्ते को अतिक्रमणमुक्त किया।

### किसान सलाहकारों ने दिया धरना

**बक्सर।** गुरूवार को किसान सलहाकारों ने एक दिवसीय धरना दिया। यह धरना किसान सलाहकारों को जनसेवक के पद पर समायोजित करने एवं वेतन भुगतान की मांग पर दिया गया था। संयुक्त कृषि भवन बक्सर के प्रांगण में बिहार प्रदेश किसान सलाहकार संघ जिला इकाई के बैनर तले आयोजित इस धरना में किसान सलाहकारों ने अपनी मांगों को जोरदार तरीके से उठाया। धरना को संबोधित करते हुए किसान सलाहकार संघ के जिलाध्यक्ष दीनबंधु राय ने कहा कि आज हम सभी किसान सलाहकार बंधु शांतिपूर्वक आंदोलन कर अपने मांगों को लेकर जिला कृषि पदाधिकारी के माध्यम से बिहार सरकार को अवगत कराने का काम कर रहे हैं। अगर सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करती है तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। धरना में मिथिलेश कुमार, अशोक यादव, रमेश पांडे, सोनू कुमार सिंह, रामाधार पासवान, परमेश्वर कुमार सहित कई अन्य किसान मौजूद थे।

**शिक्षा विभाग की ओर से समर कैंप की शुरुआत, कमजोर छात्रों को भाषा व गणित विषयों में किया जाएगा दक्ष**

# पढ़ाई में कमजोर छात्रों के लिए वरदान साबित होगा समर कैंप: डीपीओ

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शिक्षा विभाग पढ़ाई में कमजोर छात्रों के लिए गर्मियों की छुट्टी में विशेष अभियान चला उन्हें भाषा व गणित जैसे विषयों में दक्ष करेगा। शिक्षा विभाग व प्रथम संस्था के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न सरकारी स्कूलों में समर कैंप का आयोजन कर कमजोर बच्चों को खेल खेल के माध्यम से शिक्षा देने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरूवार को मध्य विद्यालय पुराना भोजपुर व उत्क्रमित उच्च विद्यालय नया भोजपुर में समर कैंप की शुरुआत की गई।

इस समर कैंप का उद्घाटन विभाग के साक्षरता व माध्यमिक शिक्षा के डीपीओ रजनीश उपाध्याय ने किया। दोनों विद्यालयों में समर कैंप के उद्घाटन के बाद उन्होंने कहा कि यह समर कैंप पढ़ाई में कमजोर छात्रों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस कैंप में चयनित कमजोर छात्रों को हिन्दी व गणित जैसे विषयों की विशेष पढ़ाई करवाई जाएगी। खास यह कि पढ़ाई लर्निंग बेस्ट एजुकेशन पर आधारित होगा तथा मनोरंजक तरीके से छात्रों को दक्ष बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे गर्मी की छुट्टी तक यह कैंप संचालित होगा। इसके लिए प्रत्येक बैच में एक शिक्षा स्वयंसेवक पर 15 छात्रों का चयन किया गया हैं।



जानकारी के अनुसार मध्य विद्यालय पुराना भोजपुर में दो कैंप आयोजिहत होंगे। जिनमें एक एक शिक्षा सेवक नसीम अंसारी द्वारा एवं दूसरा बीएमएस के सदस्य विजय लाल शर्मा द्वारा संचालन किया जाएगा। समर कैंप में शामिल बच्चों को डीपीओ द्वारा प्रोत्साहित किया गया एवं उन्हें लगातार 30 दिनों तक विद्यालय आने के लिए कहा गया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि तुम लगातार विद्यालय आओगे तो इस समर कैंप का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि खेल खेल के माध्यम से पढ़ाई करना रोचक होता है। डीपीओ ने सामाजिक कार्यकताओं से अपील की कि आप भी अपने अगल-बगल के विद्यालयों में चयनित बच्चों का केंद्र प्रथम के लिंक पर स्वयं के स्वयंसेवक के रूप में रजिस्टर्ड होकर कर सकते हैं। यह एक महत्वाकांक्षी योजना हैं, जिसमें बच्चों को अन्य सामान बच्चों के बराबर जानकारी उपलब्ध कराने का सकारात्मक प्रयास किया जाना है। इस अवसर पर केंद्र सामान्य शिक्षा सेवक प्रधानाध्यापक शिवजी प्रसाद, श्रीकांत ओझा, बीएमएस सदस्य अनीता यादव, प्रथम के सदस्य सुनील कुमार साक्षी समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# बाराचवर में 40 व मनिहारी ब्लॉक में 70 लाभार्थियों को मिला रोजगार

- भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद के सौजन्य से कैंप का हुआ आयोजन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



एसएससीआई व एसआईएस सुरक्षा एजेंसी के माध्यम से विकास खंड बाराचवर में 100 लाभार्थियों द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें से 40 एवं विकास खंड मनिहारी में 200 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान 70 लाभार्थियों का चयन कर रोजगार प्रदान किया गया। इस संबंध में रजनीश राय कमांडेंट क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र जौनपुर ने बताया कि सुरक्षा सैनिक एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती चयन कार्यक्रम के लिए भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद के सौजन्य से एसआईएस के संयुक्त तत्वावधान में भर्ती कैंप का आयोजन लागातार जनपद गाजीपुर के विकास खंडों में किया जा रहा है।

उन्होंने जनपद गाजीपुर के बेरोजगार लाभार्थियों से भी अपील किया कि ज्यादा से ज्यादा इस कैंप तक पहुंचकर अपनी प्रतिभा के साथ रोजगार प्राप्त करें। यही सरकार की मंशा है, हम आपके पास चल कर आए हैं आप भी अपने कदम को आगे बढ़ाते हुए तिथिवार ब्लाक स्तरीय कैंप आयोजन पर पहुंचे। ग्रामीण व शहरी शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने के लिए सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा भर्ती कैंप जिले के विकास खण्डों में तिथिवार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एक ब्लाक स्तर पर दो दिवसीय कैंप का अयोजन किया जाएगा। इस क्रम में 02 व 03 जून 2023 को करंडा एवं मुहम्मदाबाद में किया जाएगा। शिविर का आयोजन दस बजे से तीन बजे तक रहेगा। डिप्टी कमान्डेंट रजनीश राय ने बताया कि बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार की मुहिम को साकार करने के लिए कोविड-19 की गाइड लाइन का पालन सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखकर और मास्क लगाकर इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी जिनकी योग्यता सुरक्षा जवान के लिए 10वीं पास, उम्र 21 से 37 वर्ष, लंबाई 168 सेंटीमीटर एवं सुपरवाइजर के लिए 12वीं पास उम्र 21 से 37 लंबाई 170 सेंटीमीटर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ पात्रता के लिए दो पासपोर्ट साइज फोटो, हाईस्कूल की मार्कशीट की फोटो कॉपी एवं आधार कार्ड की फोटो कॉपी के साथ उपस्थित रहेंगे।उसके उपरान्त लाभार्थियों के चयन के उपरान्त 350 रुपये का फार्म भरने के लिए आनलाइन के माध्यम से भुगतान करना होगा। अधिक जानकारी के लिए मो. भर्ती अधिकारी प्रदीप दूबे, 9984906165 से सम्पर्क कर सकते हैं।

## 167982 किसानों को नहीं मिलेगा पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ

**गाजीपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों से अनुरोध है कि प्रधानमंत्री किसान योजना के लिए ईकेवाईसी अनिवार्य कर दिया गया है। गाजीपुर में कुल 167982 किसानों ने ईकेवाईसी नहीं कराया है। जिसके कारण आने वाली 14वीं किस्त का भुगतान उनके खाते में नहीं हो पाएगा।

बताया जाता है कि जिन किसानों के मोबाईल नंबर आधार से लिंक है, उन किसानों की ईकेवाईसी ओटीपी के आधार पर हो जाएगी, लेकिन जिन किसानों के मोबाईल नंबर आधार से लिंक नहीं है, उनको सहज जन सेवा केन्द्र से अंगूठा लगवाकर ईकेवाईसी करवाना होगा। इस कार्य को त्वरित गति से पूर्ण करने के लिए भारत सरकार की ओर से पीएम किसान जीओआई एप लांच किया गया है, जो गूगल प्ले स्टोर से डाउन लोड करके कोई भी लाभार्थी अपना व अन्य 10 लोगों का (जिनका मोबाइल नंबर आधार से लिंक है) ईकेवाईसी कर सकते हैं। ईकेवाईसी से वंचित किसानों से अनुरोध है कि पांच दिन के अंदर ईकेवाईसी का कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लें ताकि उनके खाते में 14वीं किस्त भेजी जा सके।

### संभावित बाढ़ व अतिवृष्टि के मद्देनजर बाढ़ स्टेयरिंग कमेटी ग्रुप की बैठक संपन्न

# बाढ़ नियंत्रण के कार्यों का टेंडर किसी भी माफिया को न मिले: जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/मऊ**



- डीएम ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, तैयारियों की समीक्षा की

जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में संभावित बाढ़ व अतिवृष्टि के दृष्टिगत जिलास्तरीय बाढ़ स्टेयरिंग कमेटी ग्रुप की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई ने बताया कि जनपद में दो नदियां प्रवाहित होती हैं। जिसमें सरयू नदी की जनपद में कुल लंबाई 50 किलोमीटर एवं टोंस नदी की लंबाई 56 किलोमीटर है। इन दोनों नदियों से जनपद के कुल 78 गांव बाढ़ से प्रभावित होते हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ से बचाव हेतु समस्त तैयारियां की जा रही हैं एवं बाढ़ के दौरान सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका नंबर 0547-2220707 है। अधिशासी अभियंता सिंचाई ने बताया कि तटबंधों की मरम्मत, अति संवेदनशील व संवेदनशील स्थलों के चिन्हीकरण एवं संभावित बाढ़ से सुरक्षित रखने हेतु बारिश के दौरान बांधों के कटान तथा बांधों में बने होल्स को भरने की कार्रवाई भी की जा रही है। इस दौरान जिलाधिकारी ने वर्तमान में ड्रेन्स की सिल्ट सफाई के लिए निविदा प्रक्रिया के बारे में जानकारी लेते हुए अधिशासी अभियंता सिंचाई को निविदा प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए एवं टेंडर प्रक्रिया में किसी भी वर्तमान एवं पूर्व के माफिया को टेंडर न देने के भी सख्त निर्देश दिए। इस संबंध में शिकायत मिलने पर कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी।

**जून माह में ही पूर्ण कर लें सारी तैयारियां :** जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए कि बाढ़ से संबंधित समस्त तैयारियों को जून माह में ही पूर्ण कर लें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिये कि बाढ़ से बचाव हेतु बंधो के मरम्मत एवं अन्य कार्यों को तहसील स्तर के कर्मचारियों की देख-रेख में कराएं। उन्होंने उप जिलाधिकारी मधुबन एवं घोसी को बंधो के मरम्मत कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए तथा गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य कराने के भी निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को खाद्यान्न वितरण एवं बाढ़ के समय भोजन बनाने की समस्या का निराकरण पहले ही कर लेने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि बाढ़ के दौरान वितरित होने वाले खाद्यान्नों की टेस्टिंग कराने के उपरांत ही बाढ़ से पीड़ित लोगों में खाद्यान्न का वितरण कराए।

## पशुओं के चारा के साथ टीकाकरण तथा दवाओं की हो उपलब्धता

जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि पशुओं के चारा एवं टीकाकरण तथा दवाओं की उपलब्धता बाढ़ से पहले ही सुनिश्चित करा लें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बाढ़ से पूर्व टीमों का गठन कर दवाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उप जिलाधिकारी मधुबन एवं घोसी को बाढ़ से पूर्व बाढ़ चौकियों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए एवं बाढ़ के दौरान संचालित नाव पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने तथा छोटी नाव के संचालन पर प्रतिबंध लगाने के भी निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि द्वारा बाढ़ से संबंधित अनेकों समस्याएं बताई गई जिसका निस्तारण जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डांसर के साथ नाचने को ले भिड़े बाराती घराती, बिना दुल्हन के ही लौटी बारात

- जख्मी लोगों को पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के हरिहरपुर गांव में बीती रात आई बारात में बैंडबाजे पर डांस को लेकर बाराती घराती में जमकर हुई मारपीट के बाद बारात बिना शादी किए बैरंग लौट गई। घटना में दुल्हा तथा दुल्हा के पिता सहित दोनों पक्षों के दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां घायलों की गंभीर स्थिति देखते हुए चिकित्सकों ने दुल्हा गौरव कुमार एवं दुल्हे का पिता रमेश राम को वाराणसी रेफर कर दिया। जबकि दोनों पक्षों के एक दर्जन लोग चुटहिल हो गए। लोगों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

बताया जाता है कि भांवरकोल थाना क्षेत्र के शेरपुरकलां गांव की दलित बस्ती निवासी रमेश राम के पुत्र गौरव की बारात मुहम्मदाबाद क्षेत्र के हरिहरपुर गांव निवासी कन्हैया राम के यहां आई थी। देर शाम बैण्ड पार्टी में आई महिला डांसर के साथ नाचने को लेकर बराती घराती आपस में भिड़ गए। जिसमें दुल्हा सहित उसके पिता सहित दोनों पक्षों के एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद बारात बिना ब्याह किए दुल्हन के बिना बैरंग लौट गई। इस सम्बन्ध में मुहम्मदाबाद पभारी निरीक्षक घनानंद तिप्राठी ने बताया कि अभी इस संबंध में किसी भी पक्ष से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जाएगी।

## प्रत्याशियों को व्यय विवरण रजिस्टर व शपथ पत्र जमा करने का दिया निर्देश

**बलिया।** जिला मजिस्ट्रेट रवीन्द्र कुमार ने बताया है कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के अन्तर्गत नगर पालिका/नगर पंचायत के अध्यक्ष व सदस्य का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों को निर्वाचन में अपने द्वारा किये गये व्यय का विवरण निर्वाचन परिणाम घोषणा की तिथि से 03 माह के अन्दर अनिवार्य रूप से दालिख कर दे। अन्यथा उनकी जमानत धनराशि जब्त मानी जायेगी। आपको बताते चले कि नगर पालिका परिषदव नगर पंचायत के अध्यक्ष व सदस्य के जो प्रत्याशी अपना व्यय विवरण अभी तक उपलब्ध नहीं कराये है, वे तत्काल सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर के माध्यम से मुख्य कोषाधिकारी के परीक्षणोपरान्त जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) में अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें।

## रेवतीपुर में अलग-अलग स्थानों पर लगी आग, सबकुछ जलकर राख

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जनपद के रेवतीपुर थाना क्षेत्र के दुल्लहपुर उर्फ नगदीलपुर गाँव में बृहस्पतिवार को अज्ञात कारणों से लगी आग में एक व्यक्ति की तीन रिहायशी झोपडियां एवं उसमें रखा घर गृहस्थी का पूरा समान हजारों की नगदी आदि जलकर राख हो गई।साथ ही बगल के ही एक अन्य व्यक्ति का आग की चपेट में आने से हजारों रुपये का घरेलू सामान आदि आग की भेंट चढ़ गया।आग लगने की सूचना पर मौके पर थानाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी पहुंच गए। उन्होंने आग लगने की सूचना अग्निशमन दस्ते को दी।मौके पर घंटेभर बाद पहुंची दमकल की गाड़ी ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर किसी तरह काबू पाया।

पीड़ित हरिनारायण यादव ने बताया कि वह किसी काम से अपने परिजनों के साथ खेत में गए थे। इसी दौरा सूचना मिली कि उनकी झोपडियां अज्ञात कारण से जल रही हैं। बताया कि मौके पर पहुंचा और देखा तो आग ने उनकी झोपड़ियों को पूरी तरह से अपने चपेट में ले रखा था। बताया कि इस अगलगी में उनकी तीन झोपडियां सहित घर गृहस्थी का सामान कागज, हजारों की नगदी, खाद्यान्न कई कुंतल, साइकिल एवं ट्रैक्टर का ट्राली आदि जल गया। जबकि उनके बगल के ही शंकर दयाल गुप्ता का आग की लहरों के कारण करीब हजारों रुपये का का घरेलू सामान जल गया। बताया कि इसकी सूचना संबंधित तहसील के कर्मियों एवं अधिकारियों को दे दी गई है। इधर ग्रामीणों ने पीड़ित परिवारों को जल्द आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

### व्यवस्था लागू करने के लिए जिला अस्पताल को मिले 20 कम्प्यूटर

# बढ़ी सुविधा: अब घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं ओपीडी की पर्ची

**केटी न्यूज/बलिया**



जिला अस्पताल में इलाज कराना अब और भी आसान हो जाएगा। ओपीडी की पर्ची कटवाने के लिए लोगों को सुबह से ही लम्बी कतार में घंटों खड़े होकर ओपीडी पर्ची प्राप्त करना पड़ता था। लेकिन अब एक ऐप के माध्यम से घर बैठे ही मरीज या उनके परिजन अपने लिए ओपीडी पर्ची आसानी से प्राप्त कर सकेगे। पर्ची काउंटर के बाहर बार कोड लगाया जाएगा, जिसे स्कैन करके लोग डिजिटल ट्रांजेक्शन के माध्यम से एक रुपया पर्ची शुल्क का भुगतान कर सकेंगे। इस नयी व्यवस्था के लिए जिला अस्पताल को 20 कंप्यूटर मिले हैं। पर्ची काउंटर के अलावा चिकित्सक कक्ष में भी कम्प्यूटर लगाये जायेंगे, ताकि चिकित्सक ऑनलाइन मरीजों का रजिस्ट्रेशन चेक करके उनका इलाज कर सकें।

**तीन स्वरूपों में काट सकते हैं पर्ची :** जिला अस्पताल की ओपीडी व्यवस्था को आधुनिक सुविधा युक्त करने के लिए अस्पताल में उपचार के लिए पर्ची बनाने के तरीकों को तीन स्वरुपो में बांटा गया है। पहला तरीका ऐप है। इसे डाउनलोड कर मरीज अपना नाम, पता, उम्र व संबंधित विभाग (जहाँ इलाज कराना हो) दर्ज करेंगे, इसका शुल्क मरीज ऑनलाइन ही गूगल पे, फोन पे या अन्य तरीकों से जमा कर सकेगे। दूसरा, अस्पताल के पर्ची काउंटर बार कोड होगा, जिसे स्कैन करने पर रजिस्ट्रेशन फॉर्म मरीज के मोबाइल पर खुल जाएगा। इस पर सभी आवश्यक जानकारी भरकर मरीज ऑनलाइन ही भुगतान कर सकेगे और उन्हे टोकन नंबर मिल जाएगा। वहीं टोकन ओपीडी के संबंधित डॉक्टर के कम्प्यूटर पर भी दर्ज रहेगा, जहां इलाज के लिए जाने पर डॉक्टर रजिस्ट्रेशन चेक करके मरीज का इलाज आरंभ करेंगे। तीसरे तरीके में पर्ची काउंटर को कंप्यूटराइज किया जाएगा। जिसकी तैयारी चल रही है।

**महिला अस्पताल में गर्भवतीयो की पर्ची होगी मुफ्त :** सीएमएस डॉ. सुमिता सिन्हा ने अनुसार जिला महिला अस्पताल में मरीजों को अब पर्चा काउंटर से ऑनलाइन पर्ची मिलेगी। गर्भवती महिलाओं के लिए यह पर्ची मुफ्त रहेगी, जबकि बच्चों व अन्य महिलाओं के इलाज के लिए एक रुपए का शुल्क देय होगा। इसका ट्रायल भी हो चुका है। इंटरनेट की स्पीड बढ़ाने के लिए टावर लगाया जाएगा, इसके लिए तीस प्वाइंट चिह्नित किए गए हैं।

## एक नजर

### अब यूपी बोर्ड के स्कूलों में होगी तिमाही परीक्षा





**बलिया।** माध्यमिक शिक्षा परिषद से संचालित स्कूलों में अब 9वीं और 10वीं में त्रैमासिक परीक्षाएं होंगी। बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित परीक्षा के लिए सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने डीआईओएस को पत्र भेजा है। यह परीक्षा मई के तीसरे सप्ताह में होनी थी, लेकिन गर्मी की छुट्टी के कारण पहली परीक्षा जुलाई के अंतिम सप्ताह में होगी। जिले में 607 माध्यमिक विद्यालयों में 32 राजकीय, 92 वित्त पोषित और 483 वित्त विहीन हैं। नई शिक्षा नीति लागू होने के कारण यूपी बोर्ड ने कई बदलाव किए हैं। इनमें 9वीं और 10वीं में त्रैमासिक परीक्षा को पूरी तरह से बहुविकल्पीय प्रश्नों के आधार पर कराने का निर्णय लिया है। परीक्षा जुलाई के बाद नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में कराई जाएगी। निर्धारित पाठ्यक्रम के हिसाब से ही बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। साथ ही नौवीं से 12वीं तक जनवरी के प्रथम सप्ताह में पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए कहा गया है। डीआईओएस रमेश सिंह ने बताया कि शासन की ओर से पत्र आया है। जिसे सभी प्रधानाचार्यों को सूचना भेज दी गई है। समय से परीक्षा करा ली जाएगी।

### नम आंखों से साध्वी को दी गई जल समाधि



**बलिया।** जिल के दयाछपरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जगदेवा के केसरी दास बाबा कुटी की साध्वी रामदासी देवी का पार्थिव शरीर को बुधवार की देरशाम नौरंगा गंगा घाट पर जल समाधि दी गई। जहां साध्वी के सैकड़ों अनुयायियों ने नम आंखों अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी। साध्वी रामदासी देवी पिछले लगभग 25 वर्षों से ख्याति लब्ध सन्त रामप्रिय दास के सान्निध्य में गृहस्थ जीवन त्याग कर सन्त जीवन में पदार्पण की। लगभग 5 वर्ष पूर्व रामप्रिय दास के ब्रह्मलीन होने के साथ साध्वी रामदासी देवी को मठिया का महन्त घोषित किया गया। तब से केसरी दास बाबा की कुटी की मठिया रामदासी देवी के द्वारा उत्तरोत्तर विकास करता गया। अल्प समय में ही साध्वी रामदासी देवी घर घर की चहेती बनकर संत परंपरा का निर्वहन करती रही। लेकिन प्रभु को कुछ और ही मंजूर था। मंगलवार के दिन रामदासी देवी पूजा के सामान लेकर बैरिया से मठिया पर आ रही थी कि राष्ट्रीय राजमार्ग 31 के पांडेपुर ढाला पर टेंपो और पिकअप की टक्कर में रामदासी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें अनुयायियों द्वारा जिला मुख्यालय पर इलाज के लिए लाया गया, जहां इलाज के दौरान रामदासी देवी की मौत हो गई। पोस्टमार्टम करने के बाद प्रशासन द्वारा रामदासी देवी के पार्थिव शरीर को बुधवार की देरशाम उनके अनुयायियों को सुपुर्द कर दिया गया।

### दुर्घटना में पूर्व विधायक समेत चार लोग घायल



**बलिया।** जनपद के सिकंदरपुर स्थित उभांव थाना क्षेत्र के चैनपुर बहुताचक उपाध्याय निवासी पूर्व विधायक छोटेलाल राजभर 63 वर्ष सहित चार लोग बुधवार की देररात लगभग साढ़े 11 बजे सड़क दुर्घटना में नवरतनपुर चट्टी के समीप गम्भीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों सीएचसी सिकन्दरपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने स्थिति नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक छोटेलाल राजभर अपने पुत्र क्रांतिभूषण 23 वर्ष , भतीजा प्रेमशंकर 45 वर्ष , राजेन्द्र 52 वर्ष के साथ अपने किसी रिश्तेदार के दाह संस्कार में अपनी स्कार्पियो से बुधवार को बलिया गए थे। वापस घर लौटते समय लगभग साढे 11 बजे रात्रि को सिकन्दरपुर मार्ग पर नवरतनपुर चट्टी के समीप उनकी स्कार्पियो अनियंत्रित होकर एक पुलिया से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गयी। जिसमे पूर्व विधायक छोटेलाल राजभर, क्रांति भूषण, प्रेमशंकर, राजेन्द्र सभी लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। लोगो की मदद से सीएचसी सिकन्दरपुर पहुंचाया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जहां उनका इलाज एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। पूर्व विधायक के नाक, मुहं और बाएं पैर में गम्भीर चोटें आयी है।

### पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, मोटे अनाज को बढ़ावा के लिए दिलाई गई शपथ



**गाजीपुर।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मिशन लाइफ कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिला युवा अधिकारी कपिल देव के निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, मोटे अनाज को बढ़ावा देना आदि समसामयिक विषयों पर जागरूकता के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर समाजसेवी सरोज कुमार राय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को आगे आना होगा। पेड़ों की कमी एवं जल संरक्षण के परंपरागत स्त्रोतों का बंद होना मानव जीवन के लिए खतरे का संकेत है। समय रहते प्रभावी कार्य योजना बनाकर कार्य नहीं हुआ तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। नेहरू युवा केंद्र के जिलाधिकारी कपिल देव ने युवा मंडलों के कार्यकताओं से अपील किया है कि युवा वर्ग इस चुनौती का सामना करने के लिए वृक्षारोपण, प्लास्टिक के प्रयोग के प्रचलन को बंद करने, जल संरक्षण के लिए परंपरागत साधनों को बढ़ावा देने के लिए आगे आएं। इस अवसर पर सुभाष चंद्र प्रसाद, डा0 रोली शर्मा प्रवक्ता, प्रियंका यादव, प्रियांशु शर्मा, राजीव कुमार, सुरेंद्र, राहुल, राकेश वर्मा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आईएमए के द्वारा चिकित्सा संगोष्ठी का आयोजन



**मऊ।** आईएमए गाजीपुर एवं शारदा नारायन हॉस्पिटल मऊ के संयुक्त तत्वाधान में नगर स्तिथ प्लाजा में एक चिकित्सीय संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।चिकित्सा संगोष्ठी में आधुनिक इलाज एवं उसकी तकनीक के बारे में विमर्श किया गया। कार्यक्रम में शारदा नारायन अस्पताल के चैयरमेन डॉ संजय सिंह द्वारा आईएमए सचिव और वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जेएस राय, डॉ. ऐके मिश्रा एवं भूतपूर्व मुख्य चिकत्सा अधिकारी डॉ उमेश यादव को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। आगे उन्होंने जनपद मऊ के पहले कैथलैब के बारे में बताया।आईवीएफ विशेष्ज्ञ डॉ एकीका सिंह ने वरिष्ठ स्त्री रोग विशेष्ज्ञ डॉ अनुपमा सिंह एवं डॉ. रजनी राय को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर उनके द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में किये गए बेहतरीन कार्य के लिए सम्मानित किया। डॉ. एकीका सिंह ने वीडियो के माध्यम से आईवीएफ के बारे में बताया और आईवीएफ के बारे में लोगो में जो भ्रांतिया है उसके बारे में भी चर्चा की और निःसंतानता के बारे में बात की। अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ सुजीत सिंह ने कार्यक्रम का सञ्चालन किया। हड्डी रोग विशेष्ज्ञ डॉ राहुल कुमार ने आधुनिक घुटना अवं कुल्हा प्रत्यारोपण के बारे में बताया। न्यूरो सर्जन डॉ रुपेश के सिंह ने वीडियो के माध्यम से नयी तकनीक द्वारा होने वाले दिमाग के ऑपरेशन को वीडियो के माध्यम से दिखाया।